Downloaded From : http://cbseportal.com/

Series HMJ

SET-4

कोड नं.
Code No. **63**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **7** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **32** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)

# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं । आपके उत्तर संक्षिप्त तथा प्रश्न के अनुकूल होने चाहिए ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1 – 17*** *वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए* ***1*** *अंक निर्धारित है । इनके उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***18 – 21*** *अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए* ***2*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***22 – 24*** *लघु-उत्तरीय प्रकार-I वाले प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए* ***3*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***25 – 30*** *लघु-उत्तरीय प्रकार-II वाले प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए* ***4*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *– प्रश्न संख्या* ***31 – 32*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके प्रत्येक के लिए* ***6*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***200*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

## खण्ड क

**1.** स्थितिजन्य परिदृश्य (सिचुएशनल पर्सपेक्टिव) मानव व्यवहार को अधिकतर __________ तत्त्वों के परिणाम के रूप में देखता है । *1*

**2.** नवीन तथा नवपरिवर्तन लाने वाले विचारों, उद्देश्यों के समस्या समाधान को जन्म देने वाली योग्यता __________ है । *1*

**3.** जब करीम विद्यालय के अपूर्ण कार्यों के कारण दबावग्रस्त होता है, तो टी.वी. देखता है । एंडलर और पार्कर के अनुसार वह सामना करने के __________ तंत्र का उपयोग कर रहा है । *1*

**4.** आत्म जब प्रभावित हो जाता है, तो उसे __________ के रूप में वर्णित किया जाता है । *1*

**5.** सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दियों को __________ के रूप में जाना जाता है, क्योंकि विश्वास और धर्मसिद्धांतों का स्थान विज्ञान ने ले लिया । *1*

**6.** ध्रुव बेचैन रहता है, तड़पता है, ऊपर चढ़ता है और घर के चारों ओर निरुद्देश्य दौड़ता-फिरता है । वह अन्यमनस्क, लापरवाह है और कक्षा में अतिसक्रिय दिखाई पड़ता है । इस प्रकार, वह न तो सुझाव मानता है, न ही काम पूरा करता है । मनोवैज्ञानिक ने उसका निदान __________ के रूप में किया । *1*

**7.** जब कोई व्यक्ति मिलनसार हो, बाहर जाना पसंद करता हो साथ ही साथ सामाजिक समारोहों में मित्रों, संबंधियों और अन्य लोगों के साथ का आनंद लेता हो, तो उसका वर्गीकरण अंतर्मुखी के रूप में किया जा सकता है । (सत्य/असत्य) *1*

**8.** जब बच्चे नाम लेकर अपशब्द कहें, कसम खाएँ और गाली दें, वे आक्रमणकारी व्यवहार के __________ स्वरूप का प्रयोग कर रहे होते हैं । *1*

**9.** __________ का तात्पर्य सकारात्मक परिणाम के साथ वांछित उत्तर के प्रति दुहराए जाने वाले साहचर्य से है । *1*

**10.** तरुण के समूह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत लिया है । उसके प्रतिपक्षी, रमेश और उसका समूह, निर्बल हैं और संख्या में बहुत कम हैं । तरुण प्रायः रमेश के समूह के प्रति नैराश्य और नकारात्मक भावना प्रदर्शित करता है । इसे __________ के रूप में जाना जाता है । *1*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****. Answer should be brief and to the point.*

*(ii) Marks for each question are indicated against it.*

*(iii)* ***Section A*** *– Question nos.* ***1 – 17*** *are Objective Type questions, carrying* ***1*** *mark each. You are required to answer them as directed.*

*(iv)* ***Section B*** *– Question nos.* ***18 – 21*** *are Very Short-answer Type questions, carrying* ***2*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***30*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– Question nos.* ***22 – 24*** *are Short-answer Type-I questions, carrying* ***3*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***60*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Question. nos.* ***25 – 30*** *are Short-answer Type-II questions, carrying* ***4*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***100*** *words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Question nos.* ***31 – 32*** *are Long-answer Type questions, carrying* ***6*** *marks each. Answer to each question should not exceed* ***200*** *words.*

## SECTION A

**1.** The situational perspective views human behaviour as mostly a result of _________ factors. *1*

**2.** _________ is the ability to produce ideas, objects for problem solutions that are novel and innovative. *1*

**3.** Karim watches TV when he is stressed due to pending assignments in school. According to Endler and Parker, he is using _________ mechanism of coping. *1*

**4.** The self is described as a/an _________ when it gets affected. *1*

**5.** The seventeenth and eighteenth centuries were known as the _________, because the scientific method replaced faith and dogma. *1*

**6.** Dhruv fidgets, squirms, climbs and runs around the house aimlessly. He is distracted, inattentive and seems overactive in class. Thus, he neither follows instructions, nor completes assignments. The psychologist has diagnosed him with _________. *1*

**7.** When someone is sociable and outgoing, as well as enjoys meeting friends, relatives and other people at social gatherings, she/he can be classified as an introvert. (True/False) *1*

**8.** When children use name-calling, swearing and abusive words, they are using the _________ form of aggressive behaviour. *1*

**9.** _________ refers to repeated association of a desired response with a positive consequence. *1*

**10.** Tarun's group has won the elections from his constituency. His opponents, Ramesh and his group, are weak and too small in number. Tarun often expresses frustration and negative attitude towards Ramesh's group. This is known as _________. *1*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

11. कभी-कभी अंत में जैसी भी सूचना हमें प्राप्त होती है उससे हम उद्दिष्ट व्यक्ति के बारे में सोचते हैं । और, यह किसी व्यक्ति के प्रभाव निर्माण में सबल होता है । यह ________ के कारण हो सकता है । *1*

12. ________ लोगों का एक समुच्चय है जो किसी स्थान/परिस्थिति में एक स्थान पर संयोग से उपस्थित हों । *1*

13. मोटे तौर पर मानव-पर्यावरण की पारस्परिक-क्रियाओं से जुड़े अनेक मनोवैज्ञानिक मुद्दों से निपटने वाली मनोविज्ञान की एक शाखा को ________ कहा जाता है । *1*

14. मनदीप अपने गाँव की नदी की सफाई करना चाहता है । वह अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है । यह व्यवहार ________ व्यवहार का एक अंग है । *1*

15. कौशल का अर्थ है प्रवीणता या वह निपुणता जो प्रशिक्षण तथा अनुभव से प्राप्त की गई या विकसित हुई है । (सत्य/असत्य) *1*

16. किसी मौखिक भाषा का उपयोग किए बिना भी कोई संप्रेषण कर सकता है और विचारों का आदान-प्रदान कर सकता है । संप्रेषण की ये क्रियाएँ ________ का अंग हैं । *1*

17. अतुल अपने और अपने ग्राहक के बीच हुए संप्रेषण को जितना समझा है उसका सारांश बताता है और लिख लेता है । इस प्रकार, वह संप्रेषित संदेश को ________ कर रहा है । *1*

**खण्ड ख**

18. एक लाइव टी.वी. शो के लिए आदित्य को एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ का साक्षात्कार लेना है । वह साक्षात्कार के किस सबसे उपयुक्त प्रकार का उपयोग कर सकता है ? *2*

19. सर्जनात्मक मानसिक दर्शन (क्रिएटिव विसुएलाइज़ेशन) से आप क्या समझते हैं ? *2*

**अथवा**

अक्रियाशील का क्या अर्थ है ? अक्रियाशील होने का कोई एक कारण समझाइए । *2*

20. अभिवृत्तियों की किन्हीं चार महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

21. समूह की किन्हीं दो विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

प्राथमिक और माध्यमिक समूहों के बीच किन्हीं दो अंतरों को स्पष्ट कीजिए । *2*

**खण्ड ग**

22. सुप्रिया ने उड्डयन (ऐविएशन) में उच्चतर स्तर के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर गाँव की मान्यताओं को तोड़ा है । उसने गाँव की सामाजिक मान्यताओं से, जहाँ लड़कियों को उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए न तो प्रेरित किया जाता था, न ही स्वीकार किया जाता था, विचलन दर्शाया है । क्या यह व्यवहार असामान्य है ? चार Ds के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए । *3*

23. गणितीय बोध/ज्ञान के लिए आपने अपनी कक्षा के 20 सहपाठियों का आकलन (एसेसमेंट) किया । आपको जिन परिणामों की सर्वाधिक आशा है उनके लिए एक वितरण चार्ट तैयार कीजिए । वितरण का आकार क्या है ? *3*

24. प्रेक्षण के लाभ और हानियों को समझाइए । *3*

**अथवा**

परामर्श साक्षात्कार के विशिष्ट प्रारूप (फॉर्मेट) को समझाइए । *3*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**11.** Sometimes we think of the target person in terms of whatever information comes at the end. And, this has a stronger influence on a person's formation of impression. This may be due to the _________. *1*

**12.** _________ is a collection of people who may be present at a place/situation by chance. *1*

**13.** A branch of psychology called _________ deals with various psychological issues pertaining to the human-environment interactions in a very broad sense of the term. *1*

**14.** Mandeep wants to clean the river in his village. He is actively working to achieve his goal. This behaviour is a part of _________ behaviour. *1*

**15.** Skill is the proficiency or dexterity that is acquired or developed through training and experience. (True/False) *1*

**16.** One can communicate and exchange messages without using any verbal language. These acts of communication are a part of _________. *1*

**17.** Atul states and writes down a summary of what he understood of the communication held between him and his client. Thus, he is _________ the communicated message. *1*

## SECTION B

**18.** Aditya has to interview a famous politician on a live TV show. Which is the most appropriate type of interview he can use ? *2*

**19.** What do you understand by creative visualization ? *2*

**OR**

What is burnout ? Explain any one cause of burnout. *2*

**20.** State any four significant features of attitudes. *2*

**21.** Explain any two characteristics of a group. *2*

**OR**

Explain any two differences between primary and secondary groups. *2*

## SECTION C

**22.** Supriya has broken the norms of a village by pursuing a higher level course in aviation. She deviated from the social norms of her village where higher education for girls was neither motivated nor accepted. Is her behaviour abnormal ? Explain with reference to four Ds. *3*

**23.** You have assessed twenty peers of your class for mathematical comprehension/knowledge. Create a distribution for the results that you are most likely to expect. What is the shape of the distribution ? *3*

**24.** Explain the advantages and disadvantages of observation. *3*

**OR**

Explain the typical format of a counselling interview. *3*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

## खण्ड घ

**25.** किसी अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष के बारे में सोचिए । उसके लिए संघर्ष निपटाने की युक्तियों का सुझाव दीजिए । *4*

**26.** प्राकृतिक आपदाएँ प्रकृति के प्रकोप के परिणाम के रूप में तनावपूर्ण अनुभव होती हैं । उनके विनाशकारी परिणामों को कम करने हेतु तैयार रहने के लिए उपाय हैं । किसी एक की कार्य योजना विकसित कीजिए जिसका उपयोग समुदाय के स्तर पर हो सके और जो लोगों को प्रभावपूर्ण ढंग से आपदा से निपटने में सहायता दे सके । *4*

**27.** अभिवृत्ति क्या है ? इसके विभिन्न घटकों को समझाइए । *4*

**28.** स्पष्ट कीजिए कि जीवन कौशल, जीवन की चुनौतियों का सामना करने में कैसे सहायक हो सकते हैं । *4*

**अथवा**

दबाव (तनाव) प्रबंधन की किन्हीं चार तकनीकों को समझाइए । *4*

**29.** किन्हीं दो दुश्चिंता विकारों के लक्षणों का वर्णन कीजिए । *4*

**अथवा**

भोजन विकारों के लक्षणों का वर्गीकरण कीजिए और उन्हें स्पष्ट कीजिए । *4*

**30.** अंगद अपनी कक्षा में सबसे आगे रहने वाला छात्र है । वह एक श्रेष्ठ कॉलेज में गया, जहाँ वह न तो अपने प्रति संवेदनशील रहा, न ही दूसरों के प्रति । इसके परिणामस्वरूप उसकी दशा के संदर्भ में, अंतर्वैयक्तिक संबंधों में समस्याएँ पैदा हो गईं । उसके जीवन में संवेगात्मक बुद्धि के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । *4*

## खण्ड ङ

**31.** आप व्यक्तित्व को कैसे परिभाषित करते हैं ? व्यक्तित्व अध्ययन के किसी एक उपागम को स्पष्ट कीजिए । *6*

**अथवा**

प्रक्षेपी तकनीकों से व्यक्तित्व का निर्धारण कैसे होता है ? किन्हीं दो प्रसिद्ध प्रक्षेपी तकनीकों को स्पष्ट कीजिए । *6*

**32.** व्यवहार चिकित्सा में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न तकनीकों की विवेचना कीजिए । *6*

**अथवा**

एल्बर्ट एलिस और आरन बैक द्वारा स्पष्टीकरण के अनुसार संज्ञानात्मक चिकित्साओं के प्रमुख लक्षणों को समझाइए । *6*


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

## SECTION D

**25.** Think of any international conflict. Suggest conflict resolution strategies for the same. *4*

**26.** Natural disasters are stressful experiences that are a result of nature's fury. There are ways of being prepared to minimise their devastating consequences. Develop any one action plan which can be used at the community level and will help people to deal with the disasters effectively. *4*

**27.** What is attitude ? Explain its various components. *4*

**28.** Explain how life skills can help meet life challenges. *4*

**OR**

Explain any four stress management techniques. *4*

**29.** Describe the symptoms of any two anxiety disorders. *4*

**OR**

Classify and explain the symptoms of eating disorders. *4*

**30.** Angad has been a topper in class. He went to the topmost college, where he was neither sensitive to his own self or to others. This led to problems in interpersonal relationships with reference to his condition. Explain the importance of emotional intelligence in his life. *4*

## SECTION E

**31.** How do you define personality ? Explain any one approach to the study of personality. *6*

**OR**

How do projective techniques assess personality ? Explain any two well-known projective techniques. *6*

**32.** Discuss the various techniques used in behaviour therapy. *6*

**OR**

Explain the key features of cognitive therapies as explained by Albert Ellis and Aaron Beck. *6*


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE